तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

11 मानसून की दस्तक से किसानों के चेहरे खिले...

12 विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन






सीटी स्केन की सुविधा अब आपके नगर के
सीटी स्केन सेंटर
लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल, छुरा
24 घंटे उपलब्ध
पवन पेट्रोल पंप के पास, नगर पंचायत छुरा, जिला गरियाबंद संपर्क करें : 9754134785, 8085101083

रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।
ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।
Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929
Advt.





**मांग : कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे प्रभावित कर्मचारी**

# आदिम जाति कल्याण विभाग में 80 दैनिक वेतनभोगियों की छुट्टी से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आदिमजाति कल्याण विभाग में हॉस्टल छात्रावासों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को बाहर का रास्ता दिखा कर नए लोगों को गुपचुप तरीके से नौकरी देने का मामला सामने आया है। कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत सामने आने के बाद आदिमजाति कल्याण विभाग की करतूत सामने आई है।

- संघ ने किया आदेश निरस्त रखने और बकाया देने की मांग

आदिम जाति कल्याण विभाग ने हॉस्टल छात्रावासों और शैक्षिक संस्थाओं में वर्षों से काम कर रहे लगभग 80 दैनिक वेतनभोगियों की एक साथ छुट्टी कर दी है। इससे प्रभावित कर्मचारियों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम पहुंचाकर न्याय की गुहार लगाई।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि आदिम जाति कल्याण विभाग ने उन्हें बिना कोई पूर्व आदेश या कारण दिए बाहर किया, जबकि उनके स्थान पर नए लोगों की चुपचाप भर्ती किया जा रही है। आरोप यहाँ तक लगाए गए कि नए लोगों की भर्ती रुपये लेकर किया जा रही है, जो घोर अनियमितता दर्शाती है।

संयुक्त आदिमजाती कल्याण विभाग कर्मचारी संघ ने जनदर्शन कार्यक्रम में आवेदन दिया है।

## नई भर्ती में रुपए लेने का आरोप

### ये 5 मांगे

- सभी कर्मचारियों की तत्काल बहाली किया जाये
- उनके बकाया 8-10 महीनों का वेतन अविलंब दिया जाए
- अनियमित आदेश निरस्त किया जाए
- कर्मचारियों की छँटनी पूर्ण रूप से बंद किया जाए
- उनके श्रम सम्मान राशि का भी भुगतान किया जाए



### बाहरी तत्वों से रुपए लेकर नियमों का उल्लंघन

संघ ने यह भी आरोप लगाया कि आदिम जाति कल्याण विभाग ने अनुभवी कर्मचारियों की अनदेखी किया और बाहरी लोगों से रुपए लेकर नए आदेश किए, जो घोर असंवैधानिक है। संयुक्त आदिमजाती कल्याण विभाग कर्मचारी संघ ने इसका नेतृत्व किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष धनुलाल देवांगन, महासचिव डॉक्टर कुमार सिन्हा, जिला सचिव महेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष लोचन पाण्डे, जिलाध्यक्ष ओमेश बघेल, संरक्षक कौशललाल चंदरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिरकत किया। कर्मियों ने बताया कि कोई 10 वर्षों से, कोई 12 वर्षों से हॉस्टल छात्रावास या शैक्षिक संस्थाओं में दैनिक वेतनभोगी रूप में काम कर रहे थे, लेकिन उन्हें एक आदेश सुनाकर बाहर किया दिया गया। आदेश देने वालों ने साफ किया कल से काम पर नहीं आना। संयुक्त आदिमजाती कल्याण विभाग कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि आदेश वापस नहीं लिया गया, उनके बकाया नहीं चुकाए गए या नए आदेश निरस्त नहीं किए गए, तो वे क्रमिक आन्दोलन, घेराओ सहित अधिक आन्दोलन पर उतरने पर मजबूर होंगे। अब नजरें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि आदिवासी कल्याण विभाग की इस कारगुजारी पर कोई कारवाही होती है या नहीं, या फिर प्रभावित परिवार न्याय से वंचित ही रहे जाएंगे।

**चार लाख रुपए की घूसखोरी मामला**

# शिक्षक विधवाओं से वसूली पर शिक्षा विभाग हरकत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शिक्षा विभाग एक बार फिर घूसखोरी के आरोपों से घिर आया है। फिंगेश्वर बीईओ ऑफिस ने मृत शिक्षकों की विधवाओं से उनके ही पेंशन व उपादान आदेश निकलवाने के नाम पर 4 लाख रुपए घूस ले लिया। मामला भाजपा नेता की शिकायत पर गरियाबंद पुलिस तक पहुंचने के बाद अब हरकत में आया हुआ है।



बताया जा रहा है कि गेसराम दीवान और चेनसिंह दीवान नामक शिक्षक सेवा काल दौरान ही दिवंगत हो गए थे। उनके निधन बाद विधवाओं ने पेंशन व ग्रेच्युटी आदेश निर्गत करवाने आवेदन किया था, जिसके लिए लिपिक मजहर खान ने चपरासी खोरबहारा ध्रुव के माध्यम से 2-2 लाख रुपए घूस मांगे। आरोप है कि दिसंबर 2024 में रुपये देने के बावजूद विधवाओं ने चक्कर ही लगाए, आदेश नहीं हुआ।

12 जून को गेस नारायण की विधवा विशाखा ने और 10 जून को चेनसिंह की विधवा देशो बाई ने लिखित शिकायत दी थी, जिसके साथ उन्होंने चपरासी की भूमिका, घूस देने के चश्मदीद, धमकी देने सहित सभी बिंदुओं का उल्लेख किया था। चौंकाने वाली बात यह रही कि शिकायत मिलने पर भी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं किया, मात्र लिपिक का अनुभाग बदल दिया गया।



भाजपा नेता ने इसका संज्ञान लेते हुए गरियाबंद पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया, जिसके बाद हरकत में आया। शिक्षा विभाग भी जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने आदेश दिया कि एक जांच टीम गठित किया जाएगा, जो पूरे मामले की जांच करेगी। फिंगेश्वर बीईओ रामेंद्र जोशी ने स्वीकार किया कि शिकायत मिलने पर लिपिक का अनुभाग बदल दिया था, पर कार्रवाई या रुपये वापसी पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने यह भी किया कि गेस नारायण उनके आदेशाधीन नहीं थे, उनके आदेश बोरिद हाईस्कूल से होने थे। अब देखना होगा कि जांच दल घूसखोरी का पर्दाफाश करता है या मामला फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### जल संकट गहराया अब फोड़ेंगे मटका

**नवापारा-राजिम।** वार्ड क्रमांक-15 के रहवासियों का कहना है कि वे पिछले छह महीनों से पेयजल संकट से जुझ रहे हैं। वार्ड में नियमित जलापूर्ति न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका का ध्यान आकर्षित किए। अब उन्होने 19 जून को सुबह 11 बजे पालिका का शांतिपूर्ण घेराव करने की बात कही है। मटका फोड़ेंगे और अपनी नाराजगी जाहिर करेंगे। बताया कि नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने इस आषय का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सीएमओ को सौंपा है।

### मधुबन में साहू समाज की बैठक आज

**भेण्डरी।** साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन आज 18 जून बुधवार को मधुबन धाम में रखा गया है जिसमें समाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मां कर्मा की आरती के साथ होगा। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

### राशन कार्डों में सभी सदस्यों का ई-केवाईसी अनिवार्य

**गरियाबंद।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि गरियाबंद जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 2 लाख 15 हजार 839 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डो में 6 लाख 58 हजार 999 सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से 5 लाख 96 हजार 599 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है। 62 हजार 400 सदस्यों का ई-केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# इलाज के अभाव में दिव्यांग महिला, बच्चे बने सहारा, सरकारी दावों पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

जिले के ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम जुनवानी की देवांतीनबाई कमार की दर्दनाक कहानी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं और योजनाओं की पोल खोल रही है। कुछ महीने पहले एक दुर्घटना में देवांतीनबाई का पैर टूट गया, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह इलाज नहीं करवा पाईं और घर पर ही रहने को मजबूर हैं। उनके दो छोटे बच्चे, ओमप्रकाश और करण, कम उम्र में ही अपनी मां का सहारा बन गए हैं और परिवार की जिम्मेदारी उठा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। देवांतीनबाई ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में उनका इलाज नहीं हो पाया, और राजधानी रायपुर जाकर इलाज करवाने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं। बड़ा बेटा ओमप्रकाश तो पढ़ाई छोड़कर घर संभालने लगा है। समाजसेवी मनोज पटेल ने इस परिवार की दयनीय स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे केवल ▶▶| शेष पेज 10 पर



# मैनपुर ब्लाक के स्कूली छात्रों को नहीं मिली किताबें, विभाग का दावा फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश में 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। स्कूलों के खुलने के पहले शिक्षा विभाग ने अपनी सारी तैयारी पूरी करने का दावा किया था पर शाला प्रवेश उत्सव के पहले और दूसरे दिन भी मैनपुर ब्लॉक के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के छात्र- छात्राओं को किताबे नहीं मिली। बच्चों को उम्मीद थी कि पहले दिन ही किताब दे दी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारश्वत का कहना है कि जल्द ही बच्चों को किताब का वितरण किया जायेगा। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे लगभग ▶▶| शेष पेज 10 पर



**राजिम में हो रहे एक-एक निर्माण कार्य को अपनी नजरों से देखा**

# विधायक का पैदल दौरा, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व समय-सीमा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मंगलवार को सुबह से ही विधायक रोहित साहू राजिम शहर में हो रहे एक-एक निर्माण कार्य को न केवल अपनी नजरो से देखा बल्कि संबंधित एजेंसी को साफ-साफ कहा कि काम गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में हो। मालूम हो कि विधायक श्री साहू ने राजिम क्षेत्र सहित शहर के लिए करोड़ो रूपए का काम स्वीकृत कराया है। ये काम अब धरातल पर दिखने लगा है। हो रहे कार्यों में कुछ ऐसे भी कार्य है जिसे बरसात के पहले पूरा करने के लिए प्राथमिकता में रखा गया है। विधायक साहू को शहर में पैदल घूमते देखकर निर्माण एजेंसी सहित अधिकारी वर्ग सख्ते में आ गए। वही शहर के लोग यह कहने से नही चुके कि विधायक हो तो ऐसा। यह पहला अवसर है जब कोईविधायक शहर की समस्याओं को हल करने और जरूरतो के लिए संजीदा है। लोग तो यहां तक कह रहे है कि स्थानीय विधायक होने के नाते वे शहर की हर समस्याओं से वाकिफ है। किस मुहल्ले में ,किस स्थान पर बारिशकाल में पानी जाम हो जाता है इसे कै से हल करें? सड़को की स्थिति कहां-कहां खराब है और शहरवासियो को किन-किन चीजों की आवश्यकता है? वे इस पर बराबर ध्यान रख रहे है और सारे समस्याओं के निदान के लिए जीजान से पहल कर रहे है। इसके अलावा वे निरंतर जनदर्शन भी अपने कार्यालय में लगा रहे है।



**समस्याओं का त्वरित समाधान-** जनदर्शन में भी उमड़ रही भीड़ और विधायक के संज्ञान में ला रहे समस्याओं का समाधान भी त्वरित रूप से कर रहे है। यानि पूरा सिस्टम से काम यहां दिख रहा है। विधायक साहू मंगलवार को सबसे पहले शिवाजी चौक पहुंचे। यह चौक फिंगेश्वर मार्ग का ऐसा चौक है जहां बारिश का पानी जाम हो जाता है। इस मुहल्ले के लोग और यहां से गुजरने वाले दशकों से परेशानी झेलते आ रहे है। इसके लिए उन्होने बड़ी नाली बनाने के लिए राशि स्वीकृत कराया। यह ▶▶| शेष पेज 10 पर

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में धांधली की आशंका, फुलझर केंद्र में विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत बोड़की के आश्रित ग्राम फुलझर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक में कार्यकर्ता भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। एक प्रार्थी ने इस भर्ती में धांधली की आशंका जताते हुए पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग की है, और अधिकारियों से मामले की जांच करने का अनुरोध किया है। जानकारी के अनुसार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए मुनादी कराकर विधिवत आवेदन मंगाए गए थे। नियमानुसार, निर्धारित योग्यता रखने वाली पंचायत की कोई भी महिला, चाहे वह कुंवारी हो या शादीशुदा, आवेदन कर सकती है, जिसमें नियमित निवासी को प्राथमिकता दी जाती है। परियोजना कार्यालय फिंगेश्वर के अधिकारी जितेंद्र साव के अनुसार, आवेदिका महेतरीन बाई कंवर (पति शोभा राम कंवर, ग्राम फुलझर) और चोमिन यादव (पिता मनीराम यादव) के आवेदन प्राप्त हुए हैं। हालांकि, आवेदिका महेतरीन बाई कंवर ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली की आशंका जताते हुए परियोजना अधिकारी फिंगेश्वर से पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग की है। अपने आवेदन के माध्यम से महेतरीन बाई कंवर ने आरोप लगाया है कि कुमारी चोमिन यादव अब चोमिन यादव हो चुकी हैं और अपने ससुराल ग्राम फुलझर, विकासखंड छुरा में निवासरत हैं। उन्होंने बताया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को राज्य सरकार देगी प्रोत्साहन

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार द्वारा "छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना" के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष में मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, जैसे ओलंपिक,खेल, विश्वकप, एशियाड तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को यात्रा व्यय और खेल उपकरणों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रोत्साहन राशि की अधिकतम तीन लाख रुपए होगी या वास्तविक व्यय देय होगी। साथ ही खेल उपकरण हेतु खिलाड़ियों द्वारा खेल उपकरण सामग्री की अभिप्रमाणित कोटेशन, सामग्री दर की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए खिलाड़ियों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगाः चयन पत्र, प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का प्रमाण, यात्रा टिकट की प्रतिलिपि आदि। अनुदान के प्रकरणों पर प्रभारी मंत्री के अनुशंसा, अनुमोदन पश्चात कलेक्टर द्वारा कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी मंत्री के अनुमोदन, अनुशंसा के अनुसार ही प्रस्ताव जिला कलेक्टर द्वारा अनिवार्यता उपलब्ध कराया जायेगा तथा जारी किया जायेगा। खेल विभाग से मिली जानकारी अनुसार खिलाड़ी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए तथा प्रतियोगिता में राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व किया हुआ हो। वित्तीय वर्ष में केवल एक बार ही एक खिलाड़ी को एक वित्तीय वर्ष में केवल एक बार ही प्रोत्साहन राशि स्वीकृति की पात्रता होगी। खेल उपकरण की मांग की गई राशि या बाजार मूल्य पर उक्त सामग्री की राशि जो भी कम हो स्वीकृति योग्य होगी। यह योजना राज्य के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे युवा खेल प्रतिभाओं को नई ऊंचाई तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय शिविर 20 को गरियाबंद में

**गरियाबंद।** जिले में 16 जून से धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हो गया है। इसके तहत जिले में 30 जून 2025 तक कुल 31 शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के सर्वागीण विकास तथा अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों से संतृप्त किया जाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय शिविर 20 जून को गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार विभिन्न स्थलों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इनमें छुरा विकासखण्ड अंतर्गत 18 जून को कोरासी, 19 जून को दुल्ला, 20 जून को तौरेंगा में शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार देवभोग अंतर्गत 21 जून को ग्राम पंचायत माहूलकोट, 23 को गोहरापदर, 24 को सेंदमुड़ा, फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत 25 जून को खैरझीटी, 26 को फुलझर में शिविर लगेगी। गरियाबंद ब्लॉक अंतर्गत 18 को मदनपुर, 19 को मालगांव, 20 को डोंगरीगांव, 21 को बिन्द्रानवागढ़, 23 को धवलपुरडीह, 24 को ओढ़, 25 को हरदी, 26 को परसुली एवं 29 जून को ग्राम पंचायत दर्रीपारा में शिविर लगेगी। इसी प्रकार मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत 18 को गोना, 19 को शोभा, 20 को इंदागांव, 21 को बुरजाबहाल, 23 को गोहरापदर, 24 को अमलीपदर, 25 को कांडेकेला एवं 26 जून को ग्राम पंचायत भवन उरमाल में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### खेत जोत रहे व्यक्ति के साथ मारपीट

**महासमुंद।** खेत की जुताई कर रहे एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को अरूण कुमार राणा अरूण कुमार राणा पिता छत्तरराम राणा (45 साल) निवासी राफेल ने बताया कि 17 जून को 4 बजे अपने खेत की ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था उसी समय गांव के कैलाश राणा पिता विभीषण एवं उसके पुत्र ने मारपीट शुरूकर दी। हमले से डरकर वह अपनी ट्रैक्टर को छोड़कर ग्राम डेबरीगढ के आनंदराम पटेल के घर छुप गया।

## आयोजन : विशेष शिविरों का किया जा रहा आयोजन

# धरती आबा अभियान सिर्फ औपचारिकता योजनाओं के क्रियान्वयन पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जीआर मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के जनजातीय ग्रामों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की शत प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाना है। 17 जून को ग्राम पंचायत रसेला में 10 पंचायतों के जनजातीय के लोगों इस अभियान में शामिल हुए। इस शिविर में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गैस एजेंसी,बाल विकास परियोजना विभाग, आधार लिंक, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, पंचायत विभाग, पशुपालन विभाग, वन विभाग सहित गिने चुने विभाग के अधिकारी कर्मचारी और मुख्य रूप से तहसीलदार उपस्थित थे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर में कोई भी विभाग के अधिकारी कर्मचारी पहुंचे हुए ग्रामीणों को जनकल्याणकारी




योजनाओं के बारे किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। शिविर में पहुंचे हुए विभाग अपने अपने औपचारिक निभाई गई। इस आयोजन में सिर्फ आधार लिंक वाले के पास ही लोगों की भीड़ नजर आई, इन शिविरों में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। उन्हें आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देना था, मगर आया और गया राम कहावत चरितार्थ हुआ। धरती आबा अभियान के अंतर्गत शिविर में लगाए गए स्वास्थ्य जांच, एवं स्वास्थ्य से जुड़ी लोगों ने जांच कराए गए। धरती आबा जनभागीदारी अभियान में आधार कार्ड 10, आयुष्मान भारत कार्ड 03, वृद्धावस्था पेंशन 02, सिकल सेल टेस्टिंग 22, राशनकार्ड 05 , निवास प्रमाण पत्र 02 , मनरेगा 01 लाभान्वित हुए। इस मौके पर उपस्थित थे तहसीलदार रमेश मेहता, सहायक सीईओ आर के ध्रुव,प्रभारी पंचायत इंस्पेक्टर कयाराम यादव, शत्रुता कुंजाम, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंचगण रूपादेवी ठाकुर, हेमलता नागेश, तुलेश्वर ध्रुव, रवि मरकाम, विजय कृष्ण नागेश, विश्वप्रताप ध्रुव, सचिव भुनेश कुमार मरकाम, रुपसिंग यादव, रामखिलावन ठाकुर, दमोदर सोरी, भूपेन्द्र सेन, दुर्गावती ठाकुर, रामचंद्र ध्रुव, सुनल सिंह मरकाम, खिलेश्वर नेताम, पटवारी कमलेश सिन्हा, नेहा सेन, ग्राम पटेल लोकराम यादव, संतराम नेताम, भागीरथी भुजिया, नारद कमार सहित दस पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## नक्शा बंटवारे का ऑनलाइन सिस्टम फेल किसान दर-दर भटकने मजबूर : टिकेश

**गरियाबंद।** जिले में किसानों और आम जनता को नक्शा बंटवारे और राजस्व रिकॉर्ड के दस्तावेज संशोधन प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान और मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा है कि राजस्व विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में ढेरों खामियां हैं, जिसके कारण लाखों किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं।



कांग्रेस नेताओं के अनुसार, जब तक ऑनलाइन सिस्टम की त्रुटियां पूरी तरह से दुरुस्त नहीं हो जातीं, तब तक ऑफलाइन विकल्प भी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन सरकार जानबूझकर काम अटकाने के नए-नए तरीके अपना रही है। केवल गरियाबंद जिले में ही नक्शा बंटवारे के हजार से अधिक मामले लंबित हैं, और पूरे प्रदेश में यह संख्या लाखों में है। इसके अलावा, ऑनलाइन धारा ए-6 के तहत रिकॉर्ड दुरुस्ती के 10 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं।

**अधिकारियों पर ठिकरा फोड़ने का आरोप-** हाफिज खान ने आरोप लगाया कि अधिकारी जानबूझकर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी थोप रहे हैं, जिससे जनता परेशान है। उन्होंने कहा, पटवारी, आरआई के पास भेज रहा है, आरआई तहसीलदार के पास, तहसीलदार एसडीएम और एसडीएम कलेक्टर और कलेक्टर वापस उसी तहसीलदार के पास। समाधान कहीं नहीं मिल रहा है, जनता चक्कर लगा-लगा कर थक चुकी है। भाजपा के नेता सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त हैं।

**पारदर्शिता के दावों की पोल खुली-** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि राजस्व विभाग में पारदर्शिता और सुविधा को लेकर सरकार के दावे जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं।



उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार में तकनीकी का दुरुपयोग करके जनता को केवल सताने का काम किया जा रहा है। इतनी शिकायतों के बाद भी कमियां दूर नहीं की जा रही हैं। सत्ता में बैठे लोग केवल वसूली एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। ई-कोर्ट के कई मामले आज तक ऑनलाइन प्रदर्शित नहीं हैं, और पेंडेंसी लगातार बढ़ती जा रही है।

**किसानों पर सीधा प्रभाव-** मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने बताया कि राजस्व अभिलेख किसानों के लिए केवल संपत्ति नहीं, बल्कि उनकी पहचान हैं। खरीफ फसल का समय आ चुका है, और राजस्व अभिलेखों में दर्ज रकबा के अनुसार ही उन्हें खाद, बीज और नगदी की व्यवस्था सहकारी समिति से होती है। इसी के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण की पात्रता मिलती है, और रकबा के आधार पर ही धान खरीदी की सीमा तय की जाती है। ऐसे में राजस्व प्रकरणों को बेवजह लंबित रखने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सेंदर गली कांक्रीटीकरण की घोषणा, 6.50 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राजिम विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत सेंदर में एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान अपनी संवेदनशीलता और कुशल जनप्रतिनिधि के रूप में पहचान बनाई। उन्होंने मुख्य सड़क मार्ग से बस्ती तक खराब पहुंच मार्ग के कांक्रीटीकरण के लिए 6.50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा स्वयं न करके, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और पूर्व सरपंच रामाधार साहू से कराई। इस अनूठी पहल से न केवल कार्यकर्ता का सम्मान बढ़ा, बल्कि विधायक के नेतृत्व की भी सराहना हुई। विधायक रोहित साहू वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू और युवा भाजपा नेता राजू साहू के साथ सेंदर पहुंचे थे। वहां स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और पूर्व सरपंच रामाधार साहू ने उन्हें गांव की खराब गली के बारे में अवगत कराया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती थी। विधायक ने स्वयं मार्ग का अवलोकन किया और उसकी



तत्काल मरम्मत की आवश्यकता महसूस की। इसके बाद, विधायक ने सभी के सामने घोषणा करने की जिम्मेदारी अपने करीबी और भाजपा कार्यकर्ता रामाधार साहू को सौंपी। रामाधार साहू ने बताया कि शीघ्र ही 6.50 लाख रुपये की राशि पंचायत को पहुंचेगी और निर्माण पूरा होने पर गांव वालों को सुविधाजनक मार्ग मिलेगा। विधायक के इस कदम से कार्यकर्ता का कद बढ़ गया और सभी ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद दिया। पूर्व सरपंच रामाधार साहू ने विधायक के इस कार्य को /"कार्यकर्ता के लिए समर्पण भाव दर्शाने की एक अनूठी पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल सम्मान की बात नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व की महानता, जनसेवा के प्रति समर्पण और सर्व समाज को साथ लेकर चलने की अद्वितीय क्षमता का सजीव उदाहरण है। साहू ने आगे कहा कि विधायक रोहित साहू की विनम्रता और संवेदनशीलता उनके व्यक्तित्व को और भी प्रभावशाली बनाती है। भीड़ में से किसी एक व्यक्ति को पहचानना, उसे आगे बढ़ाना और सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करना उनके नेतृत्व के उन गुणों को दर्शाता है, जो हर जनप्रतिनिधि में होने चाहिए। रामाधार साहू के अनुसार, यह अवसर उनके लिए एक प्रेरणा बना और भाजपा के प्रत्येक युवा व वरिष्ठ कार्यकर्ता के लिए एक संदेश भी कि सेवा, समर्पण और परिश्रम के मार्ग पर चलने वालों को समाज और नेतृत्व का आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश को दी भ्रष्टाचार मुक्त सरकारः मांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी मंडल गरियाबंद के तत्वावधान में मंगलवार को नगर में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत 2047 के विजन पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता गोवर्धन सिंह मांझी ने कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और जवाबदेह सरकार दी है। मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी क्षेत्र में प्रगति की है। पिछले 11 वर्षों में देशभर में सड़क, बिजली, पानी, गैस कनेक्शन, डिजिटल सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाएं गांव-गांव तक पहुँची हैं। काशी, उज्जैन जैसे धार्मिक और



सांस्कृतिक धरोहरों का जीर्णोद्धार कर भारत के गौरव को फिर से स्थापित किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह कार्य कर दिखाए हैं, जो दशकों से अधूरे पड़े थे। राम मंदिर निर्माण हो, तीन तलाक की समाप्ति हो, या कश्मीर से धारा 370 हटाने का फैसला मोदी के कार्यकाल में ही पूरा हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा मोदी जी ने अपने कार्यकाल की शुरुआत गरीबों की चिंता से की। उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, शौचालय निर्माण से स्वच्छता और सम्मान की भावना आई। जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू ने कहा कि जनधन योजना से करोड़ों गरीबों के खाते खुले, आवास योजना से लाखों को अपना घर मिला। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने दिया। संचालन मंडल महामंत्री परस देवांगन और आभार प्रकाश सोनी ने व्यक्त किया।

## उत्कृष्ट पुलिसकर्मियों का सम्मान

**गरियाबंद।** पुलिस विभाग ने अधिकारियों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन रखने और उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना देने की दिशा में "कॉप ऑफ द मंथ" कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। इस कार्यक्रम तहत हर माह सराहनीय भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों का चयन किया जाता है। माह मई 2025 में उत्कृष्ट पुलिसिंग व विशेष भूमिका निभाने वाले 5 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का कॉप ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया गया। राजिम थाने के निरीक्षक अमृत साहू ने म्यूल खाताधारकों, जिला बदर, नए गुण्डे-बदमाश की हिस्ट्री खोलने सहित 129 बीएनएसएस कार्रवाई में विशेष भूमिका निभाई। इसी तरह



मुख्यालय मैनपुर थाने के निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा ने लूट, गांजा, बलात्कार जैसे मामलों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किया। देवभोग थाने के आरक्षक जय कंसारी ने मुखबिर की सूचना पर 56 किलो गांजा जप्त किया, साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी करवाकर पुलिस कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई। स्पेशल टीम गरियाबंद के आरक्षक सतीश गिरि गोस्वामी (आर.154) ने 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले का पर्दाफाश किया, साथ ही म्यूल खाताधारकों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। उनके साथ ही विशेष टीम गरियाबंद के ही आरक्षक कृतेश प्रजापति (आर.295) ने भी 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले का खुलासा किया और आरोपियों तक पहुंचे। कॉप ऑफ द मंथ कार्यक्रम तहत हर माह उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का पुलिस विभाग द्वारा सम्मान किया जाएगा, ताकि उनके प्रयासों की सराहना होने साथ ही अन्य पुलिसकर्मियों का मनोबल भी ऊंचा रहे।

## प्रेम टोडर बने भाजपा महामंत्री क्षेत्र के कार्यकर्ता उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल फिंगेश्वर में हाल ही में पदाधिकारियों की विधिवत घोषणा की गई, जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इस मंडल विस्तार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नए चेहरों को शामिल किया गया है। घोषित पदाधिकारियों में कोमल ढीढी (लचकेरा) को उपाध्यक्ष, और प्रेम टोडर (लचकेरा) को महामंत्री बनाया गया है। इनके साथ ही, राम जी साहू (पूर्व सरपंच बोड़की), पिलेश्वरी मिथलेश साहू (परसदाकला), और ओम प्रकाश साहू (पूर्व सरपंच देवगांव) को भी शामिल किया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजिम विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त



किया और वरिष्ठ नेताओं को नमन किया। नव नियुक्त महामंत्री प्रेम टोडर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी की सहमति और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी के निर्देश पर, तथा गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर जी की अनुमति से, राजिम विधायक रोहित साहू, महासमुंद सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी और जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं की सलाह से यह मंडल कार्य समिति घोषित की गई है।मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित के नेतृत्व में गठित इस समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में मिंजून साहू, कोमल ढीढी, जनक श्रीवास और पदमा यदू को जिम्मेदारी मिली है। महामंत्री के रूप में प्रेमलाल टोडर और भुवन साहू कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त, मुकेश साहू, चांदनी कश्यप, कीर्ति निषाद, जगदेव सिंन्हा मंत्री बनाए गए हैं, और कोषाध्यक्ष कु वीणा निषाद होंगी। कार्यकारिणी सदस्यों में द्रोपती साहू, सुखदेव साहू, मोतीराम निषाद, नरोत्तम सिंन्हा, कमलेश साहू, भुनेश्वर साहू, हेमू राम निषाद, किशन राम निषाद, तुलाराम साहू, संत राम साहू, सहदेव सोनी, बिसहत राम साहू, रामकृष्ण साहू, कृष्ण लाल साहू, खिलेश्वरी साहू साहू, संतराम यादव को शामिल किया गया है। स्थाई आमंत्रित सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की लंबी सूची भी जारी की गई है, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, वर्तमान सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, राज्य आयोग के अध्यक्ष और अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी शामिल हैं, जो मंडल के कार्यों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## पेज 9 के शेष...

### इलाज के अभाव...

कागजों पर ही सीमित हैं, जमीनी हकीकत कुछ और है। पटेल ने अधिकारियों से अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारी निभाएं और गरीब परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना के तहत ऐसे बच्चों को प्रतिमाह 4000 रुपये की सहायता मिलनी चाहिए, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह योजना देवांतीनबाई के बच्चों तक नहीं पहुंच पा रही है। मनोज पटेल ने अधिकारियों से इस परिवार की मदद करने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का अनुरोध किया है। यह घटना सरकार की योजनाओं की खामियों और अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करती है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस परिवार की मदद के लिए आगे आते हैं या नहीं और क्या उन्हें सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल पाता है।

### मैनपुर ब्लाक के...

16 हजार से ज्यादा प्राथमिक और मिडिल स्कूल में छात्र- छात्राएं अध्ययनरत है लेकिन अभी तक बच्चों के लिए सरकार किताबे नहीं मिल पाया है। इस संबंध में सर्व शिक्षा अभियान के खंड स्त्रोत समन्वयक एसके नागे ने हरिभूमि को बताया 2-3 दिनों में पुस्तक पहुंचेगी और स्कैनिंग और सील लगाने के बाद वितरण किया जायेगा। उन्होने बताया 16 हजार से ज्यादा छात्र- छात्राएं अध्ययनरत है हाई स्कूल की किताबे पहुंच गई है। वहीं दूसरी ओर गणवेश भी मिल गई है जिसका जल्द वितरण किया जायेगा।

**पांचवी और आठवीं के अंकसूची में भारी त्रुटि-** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के हाई स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों को अब तक अंकसूची प्राप्त नहीं हुआ है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंकसूची स्कूलों में आ गया है लेकिन अंकसूची में भारी त्रुटि के चलते वितरण नहीं किया जा रहा है।

### राशन कार्डों में सभी...

एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते है। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डो में पंजीकृत सभी जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए 30 जून, 2025 तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें।

### विधायक का पैदल ...

काम प्रगति पर है। इस काम को उन्होने जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण, समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए निर्देश दिया। वे शहर में चल रहे सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, शौचालय निर्माण, मंगल भवन, शेड निर्माण, राशन दुकान, पुस्तकालय भवन निर्माण जैसे अनेको कार्यो का निरीक्षण किया। सभी कार्यों की समीक्षा भी किया। नाली निर्माण को जरा ज्यादा प्राथमिकता देते हुए बरसात के पूर्व पानी निकासी का पूरा बंदोबस्त हो जाने का निर्देश दिया ताकि नागरिकों को कोई दिक्कत न हो।

**लापरवाही पर होगी कार्रवई-** इसके साथ ही नालियों की नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने व सतत निगरानी करने कहा। कुछेक ऐसे निर्माण कार्यो के प्रति उन्होने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त किया जिसमें विलंब हो रहा है ऐसे कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश अफसरो को दिया। साथ ही कहा कि लापरवाही या कार्य में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक श्री साहू ने कहा कि संपूर्ण राजिम विधानसभा का समग्र विकास एवं उन्नयन हमारा कर्तव्य है, जिसके निर्वहन हेतु हम पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। विधायक के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव,पार्षद टंकू सोनकर, भारत यादव, सोमनाथ पटेल, सुरेश पटेल, अजय पटेल, उत्तम निषाद, सीएमओ मनीष गायकवाड़, इंजीनियर एवं निर्माण एजेंसी के संबंधित ठेकेदार थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता...

कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 मई 2025 थी, और उसी दिन चोमिन यादव का आवेदन जमा हुआ था। इस आवेदन में निवासी प्रमाण पत्र पर केवल सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं। नियमानुसार, किसी भी सरकारी पद के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र अधिकृत अधिकारी तहसीलदार द्वारा जारी होना आवश्यक है।

**कार्रवाई की मांग की-** महेतरीन बाई कंवर का कहना है कि 16 मई तक तहसीलदार का निवास प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया था, इसके बावजूद परियोजना अधिकारी फिंगेश्वर द्वारा 16 जून तक चोमिन यादव को मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करने का समय दिया गया। यह कदम भर्ती प्रक्रिया में धांधली की आशंका को मजबूत करता है और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। महेतरीन बाई कंवर ने दावा आपत्ति के लिए दिए गए नियत समय से पूर्व ही यह आपत्ति दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने कुछ अनियमितताओं का उल्लेख किया है। यह पूरा मामला अब शिक्षा विभाग के लिए एक चुनौती बन गया है, जहां एक पात्र आवेदिका ने अपात्र को भर्ती करने की कोशिश का आरोप लगाया है। प्रार्थी ने अधिकारियों से इस पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा खोज के तहत खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायपुर के निर्देशानुसार यह योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में लागू की जाएगी। जिसमें राष्ट्रीय खेल एवं राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के अनुसार ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स, नेशनल गेम्स तथा अन्य मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति दी जाएगी। प्रथम स्थान सीनियर वर्ग 75 हजार रूपये, जूनियर वर्ग 60 हजार रूपये एवं सब जूनियर वर्ग 50 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पाने वाले सीनियर वर्ग 50 हजार रूपये, जूनियर वर्ग 40 हजार रूपये एवं सब जूनियर वर्ग 25 हजार रूपये तथा तृतीय स्थान पाने वाले सीनियर वर्ग 40 हजार रूपये, जूनियर वर्ग 30 हजार रूपये एवं सब जूनियर वर्ग 20 हजार रूपये आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### गोबरा कमारपारा के ग्रामीण झरिया का पानी पीने मजबूर

**मैनपुर।** आज 21 वीं सदी मे भी गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचलों में बसे ग्रामों के ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है इससे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को कितना मिल रहा होगा। मैनपुर ब्लॉक के गोबरा बड़ी झोरकी कमारपारा जहां 8 से 10 घर के कमार जनजाति के लोग निवास करते है हैण्डपंप खराब होने के कारण नदी मे झरिया खोदकर प्यास बुझा रहे है जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, दशरथ नेताम, रामरतन नेताम, विश्वनाथ सोरी, घसियाराम सोरी, मानबाई, किरण बाई, बुधियारिन सुशीला ने बताया पिछले चार महिने से ग्रामीण झरिया खोदकर पानी पी रहे है लेकिन बारिश के दिनो में अब परेशानी होगी क्योंकि नदी में पानी चलने से झरिया खोदने मे गंदा पानी आयेगा।

### खाद्य भंडार निगम अध्यक्ष साहू आज धवलपुर पहुंचेंगे

**मैनपुर।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ सरकार के खाद्य भंडार निगम के अध्यक्ष बनने के बाद चंदूलाल साहू 18 जून को धवलपुर पहली बार पहुंचेगें। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा



उनका जोरदार स्वागत किया जायेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव एवं महामंत्री महेश कश्यप ने बताया कि भाजपा प्रदेश व जिला के दिशानिर्देश में भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के तहत विकसित भारत संकल्प सभा ग्राम धवलपुर दुर्गा मंच प्रांगण में 18 जून दिन बुधवार को समय दोपहर 2.00 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के प्रभारी एवं मुख्य वक्ता चंदूलाल साहू पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ खाद्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष साथ ही भारतीय जनता पाटएँ गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगें। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव एवं महामंत्री महेश कश्यप ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील किये है।

### जिला पंचायत की पहली बैठक में सदस्य यशवंत ने उठाए अहम मुद्दे

**नवापारा-राजिम।** जिला पंचायत रायपुर की प्रथम सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य यशवंत-धनेंद्र साहू ने किसानों, छात्रों और आम नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को पूरी गंभीरता एवं मजबूती से उठाया। यशवंत साहू ने



किसानों को खाद की भारी कमी की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर खाद की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। उनके इस प्रयास को सभा में मौजूद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों एवं गर्मी में जल संकट की विकराल स्थिति पर भी अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने साफ शब्दों में जल आपूर्ति व्यवस्था में लापरवाही को लेकर प्रशासन की जवाबदेही तय करने की बात रखी। यशवंत साहू ने जिले में जारी अवैध मुरम एवं रेत खनन एवं अवैध भण्डारण पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए इसे पर्यावरण और सड़क सुरक्षा दोनों के लिए खतरा बताया। स्वास्थ्य क्षेत्र की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में हो रही लापरवाही पर भी कड़ी आपत्ति जताई और त्वरित सुधार की मांग की। सभा में उन्होंने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आम जनता को हो रही समस्याओं की जानकारी साझा की और समाधान की दिशा में ठोस पहल करने का आग्रह किया।

# मानसून की दस्तक से किसानों के चेहरे खिले, खेतों में जुताई कार्य तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे विगत दो दिनों से हो रही रूक रूक मानसूनी बारिश के बाद किसानों का चेहरा खिल उठा है। जून महीने के शुरूआत में हुई बारिश के बाद से लंबे समय से बरसात नहीं हो रही थी, जिससे किसानों में मायूसी छाने लगी थी, लेकिन मानसूनी बारिश के बाद किसानों की व्यस्तता खेतों में बढ़ गई है। खेतो मे अकरस जुताई करने के साथ किसान खाद डालने का काम कर रहे हैं। मई महीने के अंतिम दिनों और जून महीने के शुरू के दो दिन लगातार अच्छी बारिश हुई, जिसे प्री–मानसून की बारिश माना जा रहा था लेकिन इसके बाद से करीब 14 दिनों तक बारिश थम गई थी बारिश नहीं होने और आसमान पर बादल छाए रहने से उमस बढ़ गया था इससे आमजन के साथ किसान परेशान थे, लेकिन विगत दो दिनों से हो रही मानसूनी बारिश के बाद से सभी को राहत मिली है बारिश होने के बाद से किसान खेतों में व्यस्त हो गए हैं किसानों ने पहले ही बीज की व्यवस्था कर ली थी और अब खाद की व्यवस्था करने जुटे हुए हैं बताया जा रहा कि सोसयटी में डीएपी सहित कुछ खाद की कमी है, जिसके कारण किसानों को खाद के लिए बार–बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। अब बारिश के बाद किसानों के सामने खेत जुताई करने के साथ खाद की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी बढ गई है।

**बारिश होने के बाद से किसान खेतों में व्यस्त**



**खाद के लिए भारी दिक्कत**

मैनपुर क्षेत्र मे 15 जून से हो रही रूक रूक कर बारिश से ऐसा लग रहा है कि मानसून ने दस्तक दे दिया है जिसके कारण खेतो मे हलचल बढ़ गई है सुबह किसान हल लेकर खेतो की तरफ निकल पड़े है वहीं टैक्टर नागर वालो के पास समय नही है लगातार सभी किसान जल्द से जल्द जोताई कर लेना चाह रहे है तो कई किसान विधिवत पूजा अर्चना कर बोआई भी प्रारंभ कर दिये है क्षेत्र के किसान त्रिभुवन पटेल, बलराम नायक, भागीरथी पटेल, हरिशचन्द्र नेगी, प्रियेन्द्र ठाकुर ने बताया धान एवं अन्य बीज के साथ खाद के लिए भारी दिक्कत आ रही है किसान अभी से परेशान हो गये है पर्याप्त खाद बीज नही मिल पा रहे है।

**विरोध : कन्या शाला को लड़कों के स्कूल में मर्ज करने पर भारी आक्रोश**

# फिंगेश्वर में कन्या शाला मर्जर पर फूटा आक्रोश, बेटी पढ़ाओ को लगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जिले के फिंगेश्वर नगर में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला को ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक शाला में मर्ज (विलय) करने के फैसले पर स्कूली छात्राओं, पालकों और नागरिकों में भारी आक्रोश है। इस युक्तियुक्तकरण आदेश को गलत बताते हुए, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने शासन से तत्काल इसे वापस लेने की मांग की है।

उनका कहना है कि यह फैसला 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा रहा है। 17 जून को जैसे ही यह फैसला सामने आया, अभिभावकों और नागरिकों में गुस्सा भड़क उठा। स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में प्राचार्य द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर जनप्रतिनिधि और अभिभावक तुरंत विरोध में उतर आए।



**छात्राओं की चेतावनी, पढ़ाई छोड़ देंगे**

कन्या शाला की छात्राओं ने भी प्रशासन को सीधी चेतावनी दी है कि अगर फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वे पढ़ाई छोड़ देंगी या टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) निकालकर दूसरे स्कूल चली जाएंगी।बैठक में जनप्रतिनिधियों, पालकगणों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। अब सबकी नजरें शिक्षा विभाग पर टिकी हैं कि क्या वह जनआक्रोश को देखते हुए अपना फैसला बदलेगा या नहीं। इस मामले को लेकर 18 जून को गायत्री मंदिर में दोपहर 12 बजे नागरिकों की एक बैठक आहूत की गई है, जिसमें आगे की रणनीति पर आम सहमति ली जाएगी।

**फैसला गलत, बर्दाश्त नहीं होगा : जनप्रतिनिधि**

शाला समिति की अध्यक्ष संतोषी श्रीवास्तव ने इस फैसले को पूरी तरह गलत बताया। उन्होंने कहा कि नियमावली के अनुसार, स्कूल तभी मर्ज किए जाते हैं जब छात्रों की संख्या कम हो, जबकि कन्या शाला में अच्छी संख्या है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे जिले में कहीं भी कन्या शाला को ऐसे मर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग से तुरंत आदेश वापस लेने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी ने भी इस आदेश को बेटियों की पढ़ाई और सुरक्षा से खिलवाड़ बताया, जिसे बर्दाश्त न करने की बात कही। उन्होंने चेतावनी दी कि चाहे कुछ भी करना पड़े, कन्या शाला को मर्ज नहीं होने देंगे और इस मुद्दे पर कल (18 जून) एक सार्वजनिक बैठक कर बड़ा आंदोलन तय करेंगे। पूर्व नगर अध्यक्ष और वर्तमान पार्षद अनिल चंद्राकर ने इसे फिंगेश्वर की बेटियों के आत्मसम्मान का प्रतीक बताते हुए जनभावनाओं का अपमान करार दिया। नगर उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पार्षद शांति कौसरे और अभिषेक सोनी समेत कई जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी फैसले का कड़ा विरोध करते हुए इसे वापस लेने की अपील की।

# भाजपा मंडल संकल्प सभा, केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी खड़मा मंडल ने ग्राम मुड़ागांव स्थित पावन खोपलीपाठ में मण्डल संकल्प सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे जिला संयोजक संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम व पूर्व प्रदेश स ह सं यो ज क सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, डॉ आशीष शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए किया कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।



डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि बीते दशक में देश ने प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में एक सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी पहचान कायम किया है। रक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि, शिक्षा और अधोसंरचना सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन, रिकॉर्ड अनाज उत्पादन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तहत 81 करोड़ लोगों तक मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना से 55 करोड़ लोगों तक स्वास्थ्य सुरक्षा और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने स्ट्रीट वेंडरों का सशक्तिकरण किया — इसका उदाहरण दिया गया।

सभा में उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर विकसित भारत निर्माण और अमृत काल में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष छुरा मीरा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पालीन्द्र साहू ने किया, जबकि आभार गुलशन सिन्हा ने किया।

सभा में जनपद कृषि सभापति उत्तरा अशोक पटेल, जनपद सदस्य पुष्पा लता सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष छुरा पीलू राम यादव, कैलाश साहू, रमन नामदेव, पुरुषोत्तम गोस्वामी, जयदीप साहू, सोमप्रकाश साहू, जयराम दुर्जन साहू, गोकुल कुंभकार, गौतम धुवा, बूथ अध्यक्ष सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सफलता पाने के लिए एक निशिचत लक्ष्य निर्धारित करें : गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिजली में आज शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और श्रीफल फोड़कर किया गया। इसके बाद कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया, तथा उन्हें पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिजली की सरपंच पदमा निषाद ने छात्रों से नियमित रूप से शाला में उपस्थित होकर अच्छे से पढ़ाई करने और घर परिवार व शाला का नाम रोशन करने का आग्रह किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र निषाद ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है, और सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य का निर्धारण बहुत जरूरी है। सांसद प्रतिनिधि लिखन निषादने जीवन में अनुशासन के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है। उन्होंने छात्रों को शिक्षकों के ज्ञान को आत्मसात करने और माता-पिता व गुरुओं का सम्मान करने की सीख दी।

**पढ़ाई के साथ संस्कारों के महत्व पर जोर**

उप सरपंच तोषण पटेल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा से ही गांव, समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है। प्राचार्य पूरन लाल साहू ने शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, जिससे चलती पीढ़ी है का संदेश देते हुए सकारात्मक सोच



और निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त करने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि उदय यादव ने बालिका शिक्षा को सामाजिक प्रगति का अनिवार्य पहलू बताया, जबकि सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद ने पढ़ाई के साथ संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, जिनमें गीता साहू, तारणी, टार्जन निषाद, अर्पिता साहू, प्रियंका निषाद, करण निषाद, माधुरी निषाद, प्रीतम साहू, देवेंद्र निषाद और आरती सोनवानी शामिल थे, को प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोषी गिलहरे (व्याख्याता) ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, सरपंच पदमा निषाद, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, विधायक प्रतिनिधि उदय यादव, उपसरपंच तोषण पटेल, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद, वरिष्ठ नागरिक प्रदीप सेन, कुंत राम साहू सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम के मार्गदर्शन में 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' सोमवार, 16 जून से गरियाबंद जिले में शुरू हो गया है। यह पखवाड़े भर चलने वाला शिविर जिले के 187 ग्राम पंचायतों के 334 चयनित विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्रामों और बसाहटों में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं की संतृप्ति (सैचुरेशन) सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। अभियान के तहत, सोमवार को छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत रसेला, गरियाबंद विकासखंड के मौहाभाठा और मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सगड़ा में शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित इस तरह के आयोजन के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य आदिवासी लोगों में जागरूकता बढ़ाना और क्षेत्र में संचालित सभी योजनाओं में पूर्ण लाभ (सैचुरेशन) हासिल करना है।



**वंचित आदिवासियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ**

**विभिन्न स्टालों का किया निरीक्षण-** शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम ने मौहाभाठा के शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को परिणाममूलक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न कामों को लेकर पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा की और उन्हें योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, शाला प्रवेश अभियान के तहत अपने बच्चों को स्कूल भेजने का भी आग्रह किया।

**योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को जोड़ा जा रहा-** यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 02 अक्टूबर 2024 को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ किया था। इस अभियान को जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अभिसरण मॉडल पर 17 भागीदार मंत्रालयों की 25 योजनाओं को मिलाकर लागू किया गया है। इन योजनाओं में आवास, पक्की सड़कें, समग्र शिक्षा, जल जीवन मिशन, मोबाइल मेडिकल यूनिट, पीएम जन आरोग्य योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, अविद्युतीकृत घरों में विद्युतीकरण, सोलर लाइट, एलपीजी कनेक्शन, पोषण वाटिका, कौशल विकास, डिजिटल एक्टिविटी, मछली पालन, पशुपालन, होम स्टे, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम, एफआरए मैनेजमेंट, के साथ-साथ आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र, केसीसी और अन्य हितग्राहीमूलक योजनाएं शामिल हैं। इन सभी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित आसपास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**50 गांवों को मिलेगा लाभ**

# गोहरापदर में ग्रामीण बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड स्थित गोहरापदर में 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक (CRGB) की नई शाखा का शुभारंभ हो गया है। 16 जून, सोमवार को इस बैंक का उद्घाटन CRGB के चेयरमैन विनोद कुमार अरोरा, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, जनप्रतिनिधियों, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, समूह की महिलाओं और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस नई शाखा के खुलने से अंचल की जनता को लंबे समय बाद उचित बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। गोहरापदर क्षेत्र के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्र होने के कारण, इस बैंक से आसपास के 50 से अधिक ग्रामों** के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। बैंक की नई शाखा का शुभारंभ करने पहुंचे CRGB चेयरमैन विनोदकुमार अरोरा ने बताया कि यह उनकी बैंक की 619वीं शाखा है। उन्होंने कहा कि CRGB अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर पूरे प्रदेश में उचित बैंकिंग सुविधाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं की शुरुआत से व्यापार और सामान्य लेनदेन में सुगमता आएगी। अरोरा ने मुद्रा लोन और महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के लिए लोन जैसी योजनाओं की जानकारी भी दी।



**लंबी दूरी तय करने से मिलेगी निजात-** कार्यक्रम में मौजूद जिला सीईओ जीआर मरकाम ने कहा कि गोहरापदर एक बड़ा व्यवसायिक केंद्र है, और यहां बैंक खुलने से व्यापार में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़े लोगों को लेनदेन में सुविधा मिलेगी, और बैंकिंग सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय करने से निजात मिलेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से नए खाते खोलने और बैंक की अन्य शाखाओं के खातों को यहां स्थानांतरित कराने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता गुरुनारायण तिवारी, सरपंच छमनीबाई मांझी, उपसरपंच मेघराम बघेल, क्षेत्रीय प्रबंधक हरविंदर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक परिचालन अतुल शुक्ला, अधिकारी पुष्पेंद्र मिश्रा, शाखा प्रबंधक वरुण कुमार देवांगन, डिलेश्वर शर्मा, गोलू साहू, केनुराम यादव, चैनसिंह कश्यप, भुवनेश्वर मांझी, देवीसिंह नेताम, ललिता सोमवंशी, लक्ष्मी सिन्हा, अनिता पांडे, कल्पना सोरी, भगवानो पांडे, पुस्तम नागेश, अभाविप जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी, दीपक मिश्रा सहित बीसी एजेंट और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# अमलीपदरः रथयात्रा तैयारियों पर विहिप कार्यकर्ताओं ने आचार्य युवराज से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आगामी रथयात्रा महापर्व की तैयारियों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अमलीपदर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर मुख्य पुजारी आचार्य पंडित युवराज पांडेय से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने भगवान श्री जगन्नाथ जी का आशीर्वाद लिया। बैठक में आगामी रथयात्रा पर्व को धूमधाम से मनाने और इसकी व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विहिप कार्यकर्ताओं ने आचार्य पांडेय के साथ मिलकर पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित करने की रूपरेखा तैयार की। विहिप ने शासन-प्रशासन से भी मांग की है कि छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी अमलीपदर में रथयात्रा पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें लाखों भक्त भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन करने उमड़ते हैं। इस भीड़ को ध्यान में रखते हुए, जगन्नाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने और रथयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। इस परिचर्चा में देवभोग रत्नांचल से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सुजाता ने किया बच्चों का स्वागत



**राजिम।** शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा पहली में प्रथम प्रवेशित नौनिहालों का विशेष स्वागत शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होने बच्चो को प्रथम दिवस से ही पढ़ाई में पूरा ध्यान देने एवं विद्यालय के समस्त गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित किया। बच्चो को उपहार स्वरूप ड्राइंग शीट, कलर पेंसिल, कॉपी, पेंसिल एवं स्माइली दिया गया। शिक्षिका नीता यादव एवं उपासना भगत ने रंगीन कार्ड शीट से बहुत ही सुंदर स्माइली और बटरफ्लाई तैयार कर पेंसिल को सुंदर सजाया था। बच्चो को उत्साहित करने में सरिता साहू, पूर्णेंद्र बाघमार, नेहा सिंह, प्रणीति चंद्राकर, साक्षी जपे, जितेंद्र साहू, जमील अहमद का विशेष योगदान रहा। हेमंत साहू द्वारा न्योता भोज दिया गया। इस अवसर पर शाला के सदस्य सोमनाथ पटेल, खुशी साहू ,संजीव साहू, महेंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

### किरवई स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला किरवई में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत फूल माला एवं गुलाल से किया गया। सभी बच्चों को मीठा खिलाया गया। इस अवसर पर मध्यान्ह भोजन गांव के सरपंच देवकुमारी साहू द्वारा कराया गया। शाला प्रवेश उत्सव में उपसरपंच भुनेश्वरी साहू ,रेखा, मनटोरा, नेमा नगारची, ईश्वरी साहू, कामिनी साहू, सावित्री साहू, प्रधानपाठक खेलन साहू, मानकी चंदेल, उषा साहू, तुमेश साहू, आशा निर्मलकर, तारिणी यादव मौजूद थे।

### खट्टीडीह स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टीडीह में शाला प्रवेश उत्सव 2025 बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच भुवनेश्वर ध्रुव, पंच ईश्वर कंवर, मुकबती साहू, सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र साहू, देवनारायण साहू, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व उपसरपंच चंद्रशेखर साहू, एसएमसी अध्यक्ष वासुदेव कंवर, शिक्षाविद टोहल राम साहू एवं एसएमसी के सदस्यगण लक्ष्मी कंवर, केसरी यादव, दुर्गा साहू, दुर्गा कंवर, मोहनी निषाद, हेमकुमारी निषाद, लीला साहू, खोमिन कंवर, संतोष कंवर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं बालवाड़ी के बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को पाठयपुस्तक वितरण के साथ गणवेश भी वितरित किए गए। इस अवसर पर नेवता भोज का आयोजन प्रधान पाठक गोपाल साहू द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को खीर, पूड़ी,फल इत्यादि वितरित किए गए। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अतिथियों द्वारा नीम के पौधा का रोपण किया गया।

**विडंबना :** हिंदी, सामाजिक विज्ञान, इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक ही नहीं छात्र-छात्राओं की प्रभावित

# मैनपुर में 1980 से हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का इंतजार, छात्र-छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर में 45 वर्ष पहले हायर सेकेंडरी स्कूल शासन प्रशासन द्वारा खोला गया है। लेकिन आज तक हायर सेकेंडरी स्कूल का भवन निर्माण नहीं किया गया है जबकि इस स्कूल में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी, पंडित श्यामा चरण शुक्ल आ चुके हैं, लगातार मंत्री, विधायक, सांसद कलेक्टर और जिला अधिकारियों का आगमन होता रहता है, बावजूद इसके इतना गंभीर विद्यालय भवन निर्माण की मांग आज तक पूरा नहीं हुआ है जबकि हर बार मैनपुर क्षेत्र के लोग हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की मांग प्रमुखता के साथ करते हैं, स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी के चलते छात्र छात्रओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है इस विद्यालय में लगभग 600 छात्र–छात्रए अध्यनरत है और 10 व्याख्याताओं के पद रिक्त पड़े हुए हैं और तो और विद्यालय में हिंदी,सामाजिक विज्ञान,इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने के कारण छात्र–छात्रओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को ना हो समय–समय पर क्षेत्रवासियों द्वारा स्थानीय जलप्रीनिधियों एवं शिक्षा अधिकारियों से शिक्षक की कमी को दूर करने मांग किया जाता है लेकिन अब तक आश्वासन ही मिला है वही इस विद्यालय में रेगुलर प्राचार्य के पद भी रिक्त पड़े हुए हैं।



### हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण, प्रस्ताव और स्टीमेट भेजने के बाद भी अटका काम

नगर सहित क्षेत्र के लोगो ने जर्जर स्कूल भवन के स्थान पर नया स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कि थे तो पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्कालीन गरियाबंद के कलेक्टर ने इस विद्यालय का निरीक्षण कर नया हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी भवन निर्माण के लिए विद्यालय के मैदान में स्थल चयन कर इंजीनियरो के माध्यमों से भवन निर्माण के लिए स्टीमेंट तैयार करवाया गया था चार वर्ष पहले पांच करोड रूपये के नया स्कूल भवन निर्माण के लिए स्टीमेंट भेंजा जा चुका है लेकिन अब तक राशि स्वीकृत नहीं हो पाई।

### शौचालय, मुत्रालय, खेल सामग्री, प्रयोग शाला जैसी बुनियादी सुविधाओं के मोहताज

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में लगभग 600 छात्र छात्रए अध्यनरत है और इतने छात्र छात्रओं के लिए इस विद्यालय में न तो प्रयोगशाला में कोई सामग्री है और न ही खेलकूद के समान यहा लंबे समय से पीटीआई शिक्षक की कमी भी बनी है लाईब्रेरी टीचर भी नही है और विद्यालय में मुत्रलय शौचालय की हालत बद से बदतर हो गई है।



### शाम होते ही असामाजिक तत्वों का बन जाता है अड्डा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर मैनपुर शाम होते ही शराबियों, नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। यहां शराबियों के द्वारा शराब पीकर बोतल और कांच के शिशियों को फोड़ दिया जाता है साथ ही गंदगी, डिसपोज, मिच्चर पैकट गंदगी फैलाकर सरकारी समपतियो को लगातार नुकसान पहुचा रहे है, विद्यालय में जगह जगह अर्नगर्न शब्दों का प्रयोग दिवालों में लेखन कर भाग जाते है, विद्यालय के चारो और आहता निर्माण की स्थिति दयनीय हो गई है जिसके कारण मुख्य गेट में ताला लगाने के बाद भी शाम को अंधेरा होते ही असामाजिक तत्व शराबी, नशेडी लोग दिवार फांद कर स्कूल परिसर में आकर शराब खोरी करते है, और चारो तरफ गंदगी फैलाकर चले जाते है जिसकी शिकायत मैनपुर थाना में कई बार किया गया है।

स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी के चलते छात्र छात्रओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है इस विद्यालय में लगभग 600 छात्र–छात्राएं अध्यनरत है और 10 व्याख्याताओं के पद रिक्त पड़े हुए हैं और तो और विद्यालय में हिंदी, सामाजिक विज्ञान, इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को ना हो समय-समय पर क्षेत्रवासियों द्वारा स्थानीय जलप्रीनिधियों एवं शिक्षा अधिकारियों से शिक्षक की कमी को दूर करने मांग किया जाता है लेकिन अब तक आश्वासन ही मिला है वही इस विद्यालय में रेगुलर प्राचार्य के पद भी रिक्त पड़े हुए हैं।

### विधायक ने मुख्यमंत्री को समस्या से अवगत कराने का दिया आश्वासन

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने चर्चा में कहा कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर नया भवन निर्माण को लेकर उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और उन्हें समस्या से अवगत कराएंगे साथ ही सेटअप के अनुसार विद्यालय में सभी शिक्षकों की मांग किया जाएगा, श्री ध्रुव ने कहा कि स्कूल भवन निर्माण के लिए यदि आंदोलन भी करना पडेगा तो आंदोलन करने के लिए तैयार है।

**कृषि संकाय 10 वर्षो से बंद, छात्रों व पालकों में नाराजगी-** मैनपुर वनांचल क्षेत्र कृषि पर आधारित है, और इस विद्यालय में सन् 1980 से कृषि संकाय का संचालन किया जा रहा था जिसे पिछले 08-10 वर्षो से कृषि संकाय बंद हो जाने से छात्रों व पालकों में नराजगी देखने को मिल रही है, कृषि संकाय शिक्षकों के कमी के चलते बंद करना पड़ा है। इस विद्यालय में महत्वपूर्ण विषय, अंग्रेजी, हिंदी,अर्थशास्त्र, राजनितिक शास्त्र, इतिहास, विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की कमी वर्षो से बनी हुई है शिक्षक की मांग को लेकर दो वर्ष पहले छात्र छात्रओं पालको ने स्कूल में तालाबंदी कर शिक्षा कार्यलय का घेराव कर दिए थे और शाला बहिष्कार भी किया गया था और तो और शासन द्वारा शिक्षक की व्यवस्था नही किए जाने से जन भागीदारी समिति द्वारा चंदा करके अतिथि शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाई करवाई गई। विद्यालय में हमेंशा पहुचते बड़े राजनितिक नेता व आला अफसर बावजूद आसू बहा रहा है मैनपुर नगर में कोई बडे राजनितिक कार्यक्रम और प्रशासनिक कार्यक्रम का आयोजन करना होता है तो इस विद्यालय परिसर में ही किया जाता है जिसके कारण कई बार इस विद्यालय में प्रदेश के कद्दार मंत्रीगण, सांसद विधायक व आला अफसर पहुचते रहते है, हर बार राजनेताओं और आला अफसरों को विद्यालय की समस्या से अवगत कराया जाता रहा है, पर सिर्फ आश्वासन मिलती है इस विद्यालय का समस्या हल नही होने से अपने बदनसीबी पर आंसू बहाने विवश है ।

## किसानों को धान बीज का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भुंजिया परियोजना मद से प्राप्त निःशुल्क धान बीज का भुंजिया किसानों को वितरण कृषि विभाग में रखा गया। वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं आदिवासी विकास अभिकरण सलाहकार मंडल जिला अध्यक्ष मीरा वेशनारायण ठाकुर व कृषि सभापति उत्तरा अशोक पटेल, मूंगश्वरी ठाकुर, नारायण सिन्हा कृषि स्थाई समिति सदस्य द्वारा 16 भुंजिया किसानों निःशुल्क 39 बोरी 1010 धान वितरण किया गया। बीज वितरण में भावेश कुमार शांडिल्य वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं पुष्पलता ध्रुव, पीके अनंत, रोमन ठाकुर, पुस्तम चौहान कृषि अधिकारी एवं अशोक ठाकुर छुरा मंडल महामंत्री व हेमसिंह, टेलर सिंह, सुभाष चंद, देवलाल, संतराम, कुबेर, शरदबाई, सुकूल राम, चमेश्याम, महारिन बाई, दसरीबाई, हेतराम, कार्तिक राम, श्यामलाल, रामचंद,आदि भुंजिया किसान उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष के पूर्ण होने का अवसर पर भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन छुरा के शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम सर्वप्रथम भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता गरियाबंद भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब तक के 11 वर्षों का कार्यकाल देश के हर वर्गों के उत्थान सामाजिक धार्मिक एवं सैन्य शक्ति को अधिक ताकतवर करने में स्वर्णिम काल रहा है। मोदी सरकार की नीतियों के माध्यम से देश में भारत के नवनिर्माण का नया अध्याय लिखा गया है। नरेन्द्र मोदी के ग्यारह साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। श्री शर्मा ने केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत अभियान बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ किसानों के लिए फसल बीमा योजना किसान समृद्धि योजना संहित अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से अपने संबोधन में रखा साथ ही मुख्य वक्ता योगेश शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को 2047 के विकसित भारत का संकल्प दिलाया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेकर संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर एवं अन्य वरिष्टों ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लूकेश्वरी निषाद, महामंत्री रामलाल कुलदीप , अशोक ठाकुर, केसरी ध्रुव, ऋतुराज शाह, लोकेश चंद्राकर रमेश सिंहा, युवा मोर्चा के जिला मंत्री तुलसी राठौर, दिनेश सचदेव, तुलसी साहू, राकेश शर्मा, संगीता दीक्षित, लीना दुबे, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रूपनाथ बंजारे एवं आभार प्रदर्शन सियाराम सिन्हा ने किया।



## तौरेंगा स्कूल में बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तौरेंगा में नए शिक्षा सत्र 2025-26 के उपलक्ष्य में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र ध्रुव, उप सरपंच नागेश तिवारी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष भूषण साहू, पंच नारद राम सदस्य, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच और उप सरपंच। विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों में शिक्षाविद शामिल हुए। विद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच और उप सरपंच ने सभी को शाला प्रवेश उत्सव और नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दीं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक दुर्गेंद्र साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के महेश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का समापन खुशी और उमंग के वातावरण में हुआ।

## सशिमं छुरा में मना प्रवेशोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में 16 जून विद्यालय का प्रथम दिवस बच्चे खुशी -खुशी विद्यालय पहुंचे। छोटे बच्चों को साथ लेकर कुछ पालकों की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य द्वार पर विद्यालय के आचार्य, दीदियों द्वारा बच्चों का स्वागत तिलक, चन्दन से किया गया। जिसमें कक्षा अरुण से लेकर बारहवीं तक के बच्चे उपस्थित थे। उक्त अवसर पर स्थानीय समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव, अध्यक्ष विजय गुप्ता, प्राचार्य संतोष वर्मा, कार्यालय प्रमुख टीकम मरकाम, किरण, ओम, कविता, भारती, सरस्वती, टेकेश्वरी, निधिका, कुंती, सेवक, होरीलाल, सीताचरण ,अजय, हरीश, टोमन, राहुल, मनोज, हेमलता नाग सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। जिनके द्वारा समस्त बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप उदबोधन दिया गया। बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने की प्रेरणा दी गई एवं विद्यालय के अनुशासन, संस्कार के आधार पर निरन्तर आगे बढ़ते रहने की बात कही गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
19 जून दिन गुरूवार, कुलेश्वर मेडिकल
सरकारी अस्पताल के पास, श्यामाचरण चौक, राजिम
— मूत्र एवं किडनी रोग —
क्या आपको मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना
रात में बार-बार पेशाब जाना
- पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
- प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH)
- मूत्र मार्ग में बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele,Varicocele)
- पथरी (मूत्र मार्ग में पथरी)
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
- क्या आपका UREA, CREATININE बढ़ा रहता है?
यौन रोग
पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी Erectile Dysfunction
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
12000 से अधिक मरीजों का सफल इलाज 15 वर्ष का अनुभव
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट



मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468